पुस्तकालय

3184
14/3/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

29 FEB 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्र०सं०...168.....तिथि 13-3-12

तारांकित प्रश्न सं०-३३३-श्री राहुल कुमार

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा, मंत्री : महोदय, १- स्वीकारात्मक है। सर्वेक्षण के उपरांत योजना संभाव्य होने पर प्रश्न में उद्धृत सभी १४ योजनाओं का जीर्णोद्धार वित्तीय वर्ष २०१२-१३ में प्रारंभ करने का कार्यक्रम है।

श्री राहुल कुमार : धन्यवाद।

तारांकित प्रश्न सं०-३३४-श्री वैद्यनाथ सहनी

श्री भीम सिंह, मंत्री : महोदय, आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि पुल नून नदी पर अवस्थित है, क्षतिग्रस्त स्कूपाइल ब्रिज के स्थान पर ५x१८.७५ उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल निर्माण की आवश्यकता है जिसपर ५ करोड़ रूपये व्यय अनुमानित है। इस पुल के निर्माण के लिए टेक्नो फिजिबलिटी रिपोर्ट की मांग की जा रही है, यह प्राप्त होने के तत्पश्चात् निर्णय लिया जयेगा।

श्री वैद्यनाथ सहनी : महोदय, इस पुल का निर्माण बहुत पूर्व में हुआ था और यह समस्तीपुर एवं वैशाली जिला के मुख्य सड़क के मध्य में यह नून नदी पर पुल अवस्थित है और पुल की हालत इतनी जर्जर है कि लोडिंग गाड़ी को आरपार करने में काफी कठिनाई होती है और इस पर और उस पार दोनों टोले के लोगों में कभी न कभी तनावपूर्ण स्थिति बन जाती है गाड़ी के आने और जाने में तो हम आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहेंगे कि कब तक इस पुल का निर्माण कराया जायेगा।

श्री भीम सिंह, मंत्री : महोदय, हम टेक्नो फिजिबलिटी रिपोर्ट की मांग किये हैं और हम अगले वित्तीय वर्ष में इसके निर्माण पर विचार करेंगे।

तारांकित प्रश्न सं०-३३५-श्रीमती मुन्नी देवी

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय वस्तुस्थिति यह है कि सोन नहर प्रणाली अन्तर्गत आरा मुख्य नहर के ३३.७७ कि०मी० बायें से निश्रित बिहिया शाखा नहर की कुल लंबाई ४९.५ कि०मी० है। खरीफ २०११ की अवधि में इसमें साढ़े ४४ कि०मी० तक नहर में जलस्राव उपलब्ध कराया गया था एवं रब्बी २०११-१२ में नहर के अंतिम छोड़ तक लगभग पानी पहुंचाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। यह बात सही है कि इस नहर के तल में गाद भर जाने एवं कतिपय आवश्यक मरम्मति कार्य की आवश्यकता के कारण पर्याप्त जलस्राव प्रवाहित नहीं होने के कारण अंतिम छोड़ तक पानी पहुंचने में कठिनाई होती है। इसके समाधान हेतु समेकित रूप से विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है जिसके बाद अगले वर्ष में इसकी स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

श्रीमती मुन्नी देवी : सर, किसानों को बहुत दिक्कत होता है इसलिए मैं चाहूंगी कि आप कब तक करवाने की कृपा कर रहे हैं, इसको आप सदन में बोल दीजिए, चूंकि मेरा क्षेत्र किसानों का क्षेत्र है इसलिए सिंचाई की बहुत आवश्यकता पड़ती है तो आप बता दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।